## जल जीवन मिशन की समीक्षा हेतु दिनांक 26.07.2024 को आहूत बैठक का कार्यवृत्त।

दिनांक 26.07.2024 को सायं 04.00 बजे अद्योहस्ताक्षरी द्वारा जल जीवन मिशन की समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। बैठक में निम्नलिखित अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा भी प्रतिभाग किया गया–

1. इं0 अंकित यादव, अधिशासी अभियंता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), मैनपुरी।
2. इं0 सी0वी0 त्यागी, सहायक अभियंता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), मैनपुरी।
3. इं0 सूरजभान, सहायक अभियंता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), मैनपुरी।
4. इं0 विकास श्रीवास्तव, सहायक अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), मैनपुरी।
5. इं0 अमित कुमार, जिला समन्वयक, जिला परियोजना अनुश्रवण इकाई, मैनपुरी।
6. इं0 योगेश कुमार, प्रोजेक्ट मैनेजर, जिला परियोजना अनुश्रवण इकाई, मैनपुरी।
7. इं0 अनिल शाह सिंह, डी0पी0एम0, फिचनर कन्सल्टिंग इंजीनियर्स प्रा0लि0, मैनपुरी।
8. श्री विनोद कुमार, भारतीय महिला एवं बाल विकास संस्थान, बेवर, मैनपुरी।
9. श्री के0एन0 पाण्डेय, विद्या बाल कल्याण सेवा सदन, सुल्तानगंज, मैनपुरी।
10. मो0 इनाम, मै0 न्यू जेनेसिस, नई दिल्ली।
11. इं0 सिरजीरेड्डी निवासउलू, संयुक्त महाप्रबन्धक, एन0सी0सी0 लि0, हैदराबाद।

आहूत समीक्षा बैठक में अद्योहस्ताक्षरी द्वारा निम्न बिन्दुओं की समीक्षा की गयी एवं निम्नानुसार निर्देशित भी किया गया –

<u>गृह पेयजल संयोजन की प्रगतिः–</u> जल जीवन मिशन कार्यक्रमान्तर्गत जनपद में गृह पेयजल संयोजन के निर्धारित लक्ष्य 259877 नग के सापेक्ष अब तक 235387 नग (90.58%) संयोजन ही किये गये हैं। मुख्यतः जागीर एवं मैनपुरी में गृह पेयजल संयोजन की प्रगति अत्यन्त धीमी है। तदक्रम में अद्योहस्ताक्षरी द्वारा अधिशासी अभियंता को निर्देशित किया गया कि कार्यदायी संस्था से समन्वय बनाते हुए अवशेष गृह पेयजल संयोजन को शत्–प्रतिशत पूर्ण करना सुनिश्चित करें। साथ ही साथ स्कूल एवं आंगनवाड़ी में पेयजल संयोजन शत्–प्रतिशत कराना सुनिश्चित करेगें।

<u>अवर जलाशय की प्रगतिः–</u> अधिशासी अभियंता, जल निगम, मैनपुरी द्वारा अवगत कराया गया जनपद में 479 अवर जलाशय लक्षित है जिसमें से 92 नग अवर जलाशय से पेयजल आपूर्ति की जा रही है। अद्योहस्ताक्षरी द्वारा अधिशासी अभियंता को निर्देशित किया गया कि कार्यदायी संस्था एवं डी0पी0एम0, टी0पी0आई0 से समन्वय बनाते हुए अवशेष अवर जलाशय के निर्माण कार्य को गुणवत्ता के साथ एवं प्रभावी कार्ययोजना (Micro Plan) बनाते हुए लक्ष्यों को शत्–प्रतिशत पूर्ण करना सुनिश्चित करें।

<u>जलापूर्ति की प्रगतिः–</u> अधिशासी अभियंता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) द्वारा अवगत कराया गया कि जल जीवन मिशन के अन्तर्गत प्रस्तावित 783 राजस्व ग्राम के सापेक्ष 319 राजस्व ग्राम में जलापूर्ति की जा रही है, तदक्रम में अद्योहस्ताक्षरी द्वारा अधिशासी अभियंता को निर्देशित किया गया कि कार्यदायी संस्था मै0 एन0सी0सी0 लि0 से समन्वय बनाते हुए जलापूर्ति को नियमित कर समस्त राजस्व ग्राम के प्रत्येक लाभार्थी को शुद्ध पेयजल से आच्छादित करना सुनिश्चित करेगें।

<u>सोलर अधिष्ठापन की प्रगतिः–</u> जल जीवन मिशन के अन्तर्गत प्रस्तावित सोलर पेनल 471 नग के सापेक्ष 390 नग सोलर अधिष्ठापित किये जा चुके हैं, तदक्रम में अद्योहस्ताक्षरी द्वारा जिला परियोजना प्रबन्धक, टी0पी0आई0 को निर्देशित किया गया कि कार्यदायी संस्था मै0 एन0सी0सी0 लि0 से समन्वय बनाते हुए उक्त समस्त अधिष्ठापित सोलर क्रियाशील कराना सुनिश्चित करेगें एवं प्रत्येक जलकल प्रांगण, सोलर लाइट से प्रकाशित करना सुनिश्चित करेगें।

<u>आई0एस0ए0 एवं आई0ई0सी0 कार्यों की प्रगतिः–</u> कार्यदायी संस्था द्वारा अवगत कराया गया कि 7011 लाभार्थियों द्वारा एफ0एच0टी0सी0 संयोजन लेने से मना किया जा रहा है, तदक्रम में अद्योहस्ताक्षरी द्वारा सहायक अभियंताओं को निर्देशित किया गया कि आई0एस0ए0 एवं आई0ई0सी0 संस्थाओं से समन्वय बनाते हुए उक्त ग्रामों में विशेष रूप से

letter-27240 (III)

Scanned with OKEN Scanner

Scanned with OKEN Scanner
Scanned with OKEN Scanner

जन-जागरूकता अभियान चलाते हुए एफ0एच0टी0सी0 संयोजन करवाना सुनिश्चित करेगें। अधिशासी अभियंता को यह निर्देशित किया गया कि आई0ई0सी0 संस्था मै0 न्यू जेनेसिस समन्वय द्वारा कराये जा रहे कार्यों की प्रभावी प्रस्तुति कराना सुनिश्चित करेगें। साथ ही आई0ई0सी0 गतिविधियों में माननीय जनप्रतिनिधियों, ग्राम प्रधान एवं खण्ड विकास अधिकारी को प्रतिभाग कराना सुनिश्चित करेगें।

<u>मशीनरी/मैनपावरः-</u> कार्यदायी संस्था द्वारा अवगत कराया गया कि वर्तमान में 4590 मैनपावर उपलब्ध है। तदोपरान्त अधिशासी अभियंता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद में लगभग 1800 मैनपावर ही उपलब्ध है। उक्त स्थिति से स्पष्ट है कि कार्यदायी संस्था द्वारा पर्याप्त संख्या में मैनपावर उपलब्ध नहीं करायी जा रही है। तदक्रम में अद्योहस्ताक्षरी द्वारा अधिशासी अभियंता, सहायक अभियंता एवं जूनियर इंजीनियर के साथ-साथ कार्यदायी संस्था मै0 एन0सी0सी0 लि0 के संयुक्त महाप्रबन्धक को निर्देशित किया गया कि कार्यस्थलों पर एक सप्ताह के अन्दर मैनपावर को 6300 तक बढ़ाना सुनिश्चित करें, जिससे हर घर जल एवं योजना हस्तानान्तरण की प्रगति को बढ़ाया जा सके एवं योजना के कार्यों को ससमय पूर्ण किया जा सके।

अद्योहस्ताक्षरी द्वारा जिला परियोजना प्रबन्धक, थर्ड पार्टी इन्स्पेक्शन (टी0पी0आई0) को निर्देशित किया गया कि जल जीवन मिशन के कार्यों यथा- बाउण्ड्रीवॉल, पम्प हाउस, अवर जलाशय, सड़क पुर्नस्थापना आदि को मानकानुसार एवं गुणवत्तापूर्ण कराना सुनिश्चित करेगें।

समस्त को निर्देशित किया जाता है कि दिये गये उक्त निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन करना सुनिश्चित करें।

अधिशासी अभियंता
उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण),
मैनपुरी।

(नेहा बन्धु)
आई0ए0एस0
मुख्य विकास अधिकारी,
मैनपुरी।

## <u>कार्यालय मुख्य विकास अधिकारी, मैनपुरी।</u>

पत्रांक- 2270 / [illegible] / 15 दिनांक- 07/08/2024

<u>प्रतिलिपिः- निम्नलिखित को सूचनार्थ एंव आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित-</u>

1. मुख्य अभियन्ता(आगरा क्षेत्र), उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), आगरा।
2. अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), आगरा।
3. जिलाधिकारी, मैनपुरी को सादर अवलोकनार्थ।
4. अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), मैनपुरी।
5. अधिशासी अभियंता (विद्युत/यांत्रिक), खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), आगरा।
6. संयुक्त महाप्रबन्धक, एन0सी0सी0 लि0, हैदराबाद।
7. जिला समन्वयक, जिला परियोजना अनुश्रवण इकाई, मैनपुरी।
8. डी0पी0एम0, टी0पी0आई0, मैनपुरी।
9. भारतीय महिला एवं बाल विकास संस्थान, बेवर, मैनपुरी।
10. विद्या बाल कल्याण सेवा सदन, सुल्तानगंज, मैनपुरी।
11. मै0 न्यू जेनेसिस, नई दिल्ली।

मुख्य विकास अधिकारी
मैनपुरी।

letter- 27240 (B)

Scanned with OKEN Scanner

Scanned with OKEN Scanner

Scanned with OKEN Scanner